भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 3819

गुरूवार, 3 अप्रैल, 2025/13 चैत्र, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटन क्षेत्र में जनजातीय उद्यमी**

**3819 श्रीमती सुलता देव:**

**श्री निरंजन बिशी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पर्यटन क्षेत्र में, विशेष रूप से देश के अनुसूचित पांच जिलों में, जनजातीय उद्यमियों को बढ़ावा और समर्थन देने के लिए मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मंत्रालय के पास जनजातीय उद्यमियों के लिए, विशेष रूप से ओडिशा के पर्यटन स्थलों में वन पट्टे की भूमि पर, इको-पर्यटन परियोजनाएं विकसित करने के लिए कोई विशिष्ट योजनाएं हैं; और

(ग) क्या स्थानीय जनजातीय समुदायों के लिए स्थायी आजीविका सृजित करने के लिए आरक्षित वन क्षेत्रों में इको-पर्यटन विकसित करने के लिए जनजातीय उद्यमियों को पट्टे पर कोई भूमि प्रदान की गई है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय के पास जनजातीय उद्यमियों के लिए कोई विशिष्ट योजना नहीं है। तथापि, भारत सरकार ने 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' के भाग के रूप में पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत जनजातीय होमस्टे का विकास करने की पहल को मंजूरी दी है। उक्त हस्तक्षेप में नए निर्माण के लिए प्रति इकाई 5.00 लाख रु. तक, जीर्णोद्धार के लिए 3.00 लाख रु. तक और ग्रामीण समुदाय की आवश्यकताओं के लिए 5.00 लाख रु. की सहायता से 1000 होमस्टे का विकास करना सम्मिलित है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन और पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) से संबंधित राष्ट्रीय मिशन की अपनी योजनाओं के तहत पर्यटन के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। स्वदेश दर्शन योजना के तहत विकास के लिए एक थीम के रूप में जनजातीय परिपथ की पहचान की गई थी और स्वदेश दर्शन के जनजातीय परिपथ के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0) के रूप में नया रूप प्रदान किया है जिसका उद्‌देश्य गंतव्य केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए सतत और जिम्मेदारीपूर्ण गंतव्यों का विकास करना है और मंत्रालय ने जनजातीय अनुभव सहित 791.25 करोड़ रु. की लागत से 34 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। एसडी2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं में परियोजनाओं पर कार्य प्रारंभ करने के लिए भूमि प्राप्त करने की जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की है।

*****

**अनुबंध-I**

श्रीमती सुलता देव एवं श्री निरंजन बिशी द्वारा पर्यटन क्षेत्र में जनजातीय उद्यमी के संबंध में दिनांक 03.04.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 3819 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना के जनजातीय परिपथ थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | परिपथ/ स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | छत्तीसगढ | जनजातीय परिपथ 2015-16 | जशपुर - कनकुरी - मैनपट - कमलेशपुर - महेशपुर - कुरदर - सरोधादादर - गंगरेल- कोंडागांव - नथियानावागांव - जगदलपुर - चित्रकूट - तीर्थगढ़ का विकास | 96.10 |
| 2. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2015-16 | जनजातीय परिपथ पेरेन-कोहिमा-वोखा का विकास | 97.36 |
| 3. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मोकोकचुंग-तुएनसांग- मोन का विकास | 98.14 |
| 4. | तेलंगाना | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मुलुगु - लकनावरम - मेदवरम - तडवई - दमारवी -मल्लूर - बोगाथा झरने का विकास | 79.87 |

*****

**अनुबंध-।।**

श्रीमती सुलता देव एवं श्री निरंजन बिशी द्वारा पर्यटन क्षेत्र में जनजातीय उद्यमी के संबंध में दिनांक 03.04.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 3819 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **गंतव्य** | **एक्सपीरियंस का नाम** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)** | **स्वीकृति वर्ष** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | अरक्कू-लम्बासिंगी | अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस | 29.87 | 2023-24 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | नाचो | अनलॉक नाचो अभियान | 14.02 | 2023-24 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका सांस्कृतिक हाट | 18.48 | 2023-24 |
| 4 | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका एडवेंचर पार्क | 12.75 | 2023-24 |
| 5 | असम | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस | 26.67 | 2023-24 |
| 6 | असम | जोरहाट | रीइमैंजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट | 23.91 | 2023-24 |
| 7 | गोवा | पोर्वोरिम | पोर्वोरिम क्रीक एक्सपीरियंस | 23.56 | 2024-25 |
| 8 | गोवा | कोलवा | कोलवा बीच एक्सपीरियंस | 15.65 | 2024-25 |
| 9 | कर्नाटक | हम्पी | 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना | 25.64 | 2023-24 |
| 10 | कर्नाटक | मैसूरु | टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन | 2.72 | 2023-24 |
| 11 | कर्नाटक | मैसूरु | ईकोलोजिकल एक्सपीरियंस जोन | 18.47 | 2023-24 |
| 12 | केरल | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस | 13.92 | 2023-24 |
| 13 | लद्दाख | लेह | जूले लेह जैव विविधता पार्क | 24.89 | 2023-24 |
| 14 | लद्दाख | कारगिल | एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस | 12.01 | 2023-24 |
| 15 | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 16.73 | 2023-24 |
| 16 | मध्य प्रदेश | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 27.21 | 2023-24 |
| 17 | महाराष्ट्र | पुणे | शिवसृष्टि एतिहासिक थीम पार्क- | 76.22 | 2024-25 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | फेज 3 | | |
| 18 | मेघालय | सोहरा | वॉटरफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस | 27.84 | 2023-24 |
| 19 | मेघालय | सोहरा | मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस | 32.45 | 2023-24 |
| 20 | नागालैंड | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको-पर्यटन एक्सपीरियंस | 7.87 | 2024-25 |
| 21 | नागालैंड | चुमुकेदिमा | मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक एक्सपीरियंस | 21.56 | 2023-24 |
| 22 | पुदुचेरी | कराईकल | कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस | 20.29 | 2023-24 |
| 23 | पंजाब | कपूरथला | कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस | 20.06 | 2023-24 |
| 24 | पंजाब | अमृतसर | अटारी में सीमा पर्यटन एक्सपीरियंस | 25.90 | 2024-25 |
| 25 | राजस्थान | बूंदी | केशोरायपाटन में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 17.37 | 2023-24 |
| 26 | सिक्किम | ग्यालशिंग | युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.40 | 2023-24 |
| 27 | सिक्किम | गंगटोक | गंगटोक सांस्कृतिक गांव | 22.59 | 2023-24 |
| 28 | तमिलनाडु | मामल्लापुरम | शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस | 30.02 | 2023-24 |
| 29 | तेलंगाना | भोंगीर | भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन | 56.81 | 2023-24 |
| 30 | तेलंगाना | अनंतगिरि | अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन | 38.00 | 2023-24 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 13.02 | 2023-24 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | नैमिषारण्य | वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.94 | 2023-24 |
| 33 | उत्तराखंड | पिथौरागढ़ | गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस | 32.20 | 2023-24 |
| 34 | उत्तराखंड | चंपावत | टी गार्डन एक्सपीरियंस | 11.21 | 2023-24 |
| | | | **कुल राशि** | **791.25** | |

*****